राजनीतिक सिद्धांत: एक परिचय Important Questions Class 11 Political Science Chapter 1 in Hindi

1 अंकीय प्रश्न:

प्रश्न 1 राजनीतिक सिद्धांत क्या है? समझाइए।

उत्तर : राजनीतिक सिद्धांत उन विचारों और नीतियों के व्यवस्थित रूप को प्रतिबिंबित करता है जिनसे हमारे सामाजिक जीवन, सरकार और संविधान ने आकार ग्रहण किया है।

प्रश्न 2 गांधी जी की पुस्तक 'हिन्द-स्वराज' में किस विषय पर प्रकाश डाला गया हैं?

उत्तर : स्वराज के अर्थ की विवेचना पर ।

प्रश्न 3 राजनीति के विषय में आम लोगों की विचारधारा क्या है?

उत्तर : आम लोग राजनीति को अच्छा नहीं मानते।

प्रश्न 4 राजनीतिक विज्ञान व राजनीति में कोई एक अन्तर लिखें?

उत्तर : राजनीतिक विज्ञान निश्चित आदर्शों पर आधारित है जबकि राजनीति स्वार्थ व अवसरवादिता पर आधारित है।

प्रश्न 5 हमें राजनीतिक सिद्धान्त क्यों पढ़ना चाहिए?

उत्तर : इससे राजनीतिक नियमों/सिद्धांतों, समानता, स्वतंत्रता तथा लोकतंत्र का ज्ञान होता है। जो लोकतंत्र के लिये आवश्यक है।

2 अंकीय प्रश्न:

प्रश्न 1 'राजनीति' का अर्थ स्पष्ट करें।

उत्तर : राजनीति शब्द की उत्पति ग्रीक शब्द पोलिस से हुई है, जिस का शब्दिक अर्थ नगर राज्य होता है।

प्रश्न 2 राजनीतिक सिद्धांत के किन्हीं दो क्षेत्रों को समझाइए । वर्णन कीजिए।

उत्तर : (i) राज्य और सरकार का अध्ययन ।

(ii) शक्ति और राजनीतिक विचारधराओं का अध्ययन ।

प्रश्न 3 किन्हीं चार राजनैतिक विद्वानों के नाम लिखिए।

उत्तर : अरस्तु, प्लेटो, रूसों, कौटिल्य, कार्ल मार्क्स, एवं डॉ. अम्बेडकर ।

https://www.evidyarthi.in/